कार्यालय : जिला बाल संरक्षण इकाई, शेखपुरा

विज्ञप्ति

निदेशक, समाज कल्याण–सह–उपाध्यक्ष, राज्य बाल संरक्षण समिति, बिहार, पटना के पत्रांक 580, दिनांक 10.12.2020 के आलोक में सुरक्षित स्थान, शेखपुरा में निचले स्तर के पद यथा रसोईया, हेल्पर एवं जिला बाल संरक्षण इकाई में अनुसेवक–सह–रात्रि प्रहरी के लिए संविदा के आधार पर निम्नलिखित पदों के लिए आवेदन पत्र आमंत्रित किए जाते हैं :–

क्र0	पदनाम	पदो की सं0	उम्र	योग्यता	अनुभव	मानदेय	अभ्युक्ति
1	रसोईया	एक	न्यूनतम 25 वर्ष अधिकतम 55 वर्ष	मैट्रिक उत्तीर्ण	खाना बनाने का अनुभव	7,500	सरकारी/अर्द्धसरकारी संस्था के साथ कार्य करने का अनुभव प्राप्त अभ्यर्थी को वरीयता दी जाएगी।
2	हेल्पर	एक		आठवीं उत्तीर्ण		6,000	
3	अनुसेवक–सह–रात्रि प्रहरी	एक		आठवीं उत्तीर्ण	कार्यालय कार्य यथा संचिका रख–रखाव आदि का अनुभव	7,500	

2. उक्त पदो पर आवेदन–पत्र सिर्फ शेखपुरा जिला के निवासियों से आमंत्रित किए जाते हैं।
3. आवेदन–पत्र के साथ निम्नलिखित प्रमाण–पत्रों की छाया प्रति (स्वअभिप्रमाणित) संलग्न करना अनिवार्य है :–

- वांछित शैक्षणिक योग्यता प्रमाण–पत्र।
- आवासीय प्रमाण–पत्र।
- आचरण प्रमाण–पत्र (पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत)
- आयु सम्बन्धी प्रमाण–पत्र।

4. उपरोक्त सभी कागजात के साथ आवेदन पत्र केवल स्पीड पोस्ट/निबंधित डाक से निम्न पते पर दिनांक 31.07.22 के अप0 05:00 बजे तक प्राप्त किया जाएगा। निर्धारित तिथि व समय के बाद प्राप्त होने वाले आवेदन–पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा।
5. उपरोक्त सभी पदों पर चयन अन्तर्वीक्षा के आधार पर किया जाएगा।

आवेदन–पत्र भेजने का पता : सहायक निदेशक, जिला बाल संरक्षण ईकाई, शेखपुरा निखिल कम्पलैक्स, (यूनियन बैंक के बगल में/समाहरणालय के सामने), शेखपुरा, पिन नं0 811105

शर्त्ते :–

1. उपरोक्त पदों पर चयन अस्थायी रूप से प्रथम ग्यारह माह के लिए किया जाएगा तथा कार्यदक्षता एवं आवश्यकतानुसार अवधि विस्तार किया जा सकता है।
2. यह पूर्णतः अस्थायी पद है, भविष्य में स्थायी के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं किया जा सकता है।
3. अधोहस्ताक्षरी द्वारा एक माह के पूर्व सूचना देकर कभी भी नियोजन से हटाने का पूर्ण अधिकार सुरक्षित रहेगा।
4. यह चयन पूरी तरह औपबंधिक है। चयन के उपरान्त योगदान के समय शैक्षणिक योग्यता, आवासीय प्रमाण–पत्र एवं अन्य प्रमाण–पत्र मूल में लाना होगा एवं एक स्वअभिप्रमाणित प्रति जमा करना होगा।
5. इस विज्ञापन को रद्द करने/संशोधित करने का पूर्ण अधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।
6. चयन अथवा रद्द संबंधी विवाद का निपटारा शेखपुरा न्यायालय के अधीन होगा।

नोट : इस संबंध में किसी प्रकार की सूचना/जानकारी के लिए शेखपुरा जिला के वेबसाईट https://sheikhpura.bih.nic.in पर देखा जा सकता है या जिला बाल संरक्षण कार्यालय, शेखपुरा से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला पदाधिकारी,
शेखपुरा।

F:\DCPU\2022\May 22\Advertisement Contractual Staff02.doc

आवेदन प्रारूप

वर्तमान फोटो
(स्वअभिप्रमाणित)

1. आवेदक का नाम :
2. आवेदित पद का नाम :
3. पिता का नाम :
4. जन्म तिथि :
5. शैक्षणिक योग्यता :
6. वैवाहिक स्थिति :
7. अनुभव :
8. पूरा पता एवं मोबाईल नं0 –

9. आवेदक द्वारा शैक्षणिक/अनुभव/अन्य प्रमाण–पत्रों से संबंधित सभी अभिलेखों की स्वअभिप्रमाणित छाया प्रति संलग्न किया जाना आवश्यक है।

स्थान :

दिनांक :

आवेदक का हस्ताक्षर